संख्या-2/2019/सामान्य-806/12-6-2019-54/2000

प्रेषक,

राजेन्द्र कुमार तिवारी,
कृषि उत्पादन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा मे,

1- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
2- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
3- निदेशक, कृषि, उ0प्र0।

कृषि अनुभाग-6 लखनऊः दिनांक 13 दिसम्बर, 2019

विषय- मा0 स्व0 चौधरी चरण सिंह (भूतपूर्व मा0 प्रधानमंत्री जी) के जन्म दिवस दिनांक 23 दिसम्बर, 2019 को ''किसान सम्मान दिवस'' के रूप मे मनाये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्रांक-प्रचार/2699/कि0सं0दि0/2019-20, दिनांक 04-12-2019 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि गत वर्ष की भांति वर्तमान वर्ष 2019-2020 में भी मा0 स्व0 चौधरी चरण सिंह (भूतपूर्व मा0 प्रधानमंत्री जी) के जन्म दिवस दिनांक 23 दिसम्बर, 2019 को ''किसान सम्मान दिवस'' के रूप में समुचित निष्ठा एवं गरिमा के साथ मनाये जाने का निर्णय लिया गया है।

2- ''किसान सम्मान दिवस'' मनाये जाने हेतु निम्नांकित कार्यक्रमों की रूपरेखा रखी जाय-

1- ''किसान सम्मान दिवस'' राज्य, जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर आयोजित किया जायें।
2- दिनांक 23-12-2019 को राज्य स्तर पर लखनऊ में कृषि भवन स्थित प्रेक्षागृह में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाये। उक्त अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी, मा0 कृषि मंत्री जी/मा0 कृषि राज्य मंत्रीगण व अन्य मा0 मंत्रीगण को आमंत्रित किया जाये, लखनऊ में आयोजित होने वाले समस्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम मण्डलायुक्त, लखनऊ की देख-रेख में सम्पन्न होगें।
3- ''किसान सम्मान दिवस'' के उपलक्ष्य में किसान गोष्ठी एवं किसान प्रर्दशनी आयोजित की जाये और किसानों को सम्मानित किया जाये।
4- मुख्य समारोह में परम्परागत खेती में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले ऐसे किसानों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिन्होने कृषि विविधीकरण अथवा औद्योगिक खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया हो। उद्यान, डेरी, पशुपालन एवं शाक-भाजी उत्पादन में चयनित किसानों को भी इस अवसर पर

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

सम्मानित किया जाए। कृषि निदेशक, उ0प्र0 इस सम्बन्ध में एक परिपत्र जारी करके उक्त श्रेणी के किसानों के सम्बन्ध में संस्तुति समय रहते प्राप्त करेंगे।

5- जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर आयोजित **"किसान सम्मान दिवस"** के आयोजन पर कृषि विश्वविद्यालय अपने क्षेत्र में आने वाले सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों पर किसान विकास गोष्ठी एवं प्रर्दशनी तथा किसान मेलों का आयोजन करेंगें। इन आयोजनों में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बन्धित जनपद के मा0 मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों को अपने स्तर से आमंत्रित करेंगे।

6- कृषि एवं सम्बद्ध विभाग यथा-सहकारिता विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, दुग्ध विकास विभाग, रेशम विकास विभाग एवं गन्ना विभागों को **"किसान सम्मान दिवस"** कार्यक्रम एवं विकास गोष्ठी में सक्रिय रूप से सहभागिता सुनिश्चित करायी जाए।

7- विगत वर्षो की भांति प्रदेश के सभी जिलाधिकारी अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर जनपद स्तर पर दिनांक 23 दिसम्बर, 2019 को **"किसान सम्मान दिवस"** के आयोजन पर किसान गोष्ठी एवं कृषि प्रदर्शनी आयोजित करेगें।

8- **"किसान सम्मान दिवस"** के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रमों हेतु प्रदेश शासन के नोडल अधिकारी, कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश होंगे।

3- कृपया उपर्युक्तानुसार **"किसान सम्मान दिवस"** पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय
राजेन्द्र कुमार तिवारी
कृषि उत्पादन आयुक्त।

संख्या-2/2019/सा0 806/12-6-2019, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन के अवलोकनार्थ।
3- निजी सचिव, मा0 कृषि मंत्री जी, उ0प्र0 शासन को मा0 कृषि मंत्री के अवलोकनार्थ।
4- निजी सचिव, मा0 कृषि राज्य मंत्री जी, उ0प्र0 शासन को मा0 कृषि राज्य मंत्री के अवलोकनार्थ।
5- मा0 आर्थिक सलाहकार, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार, योजना भवन, लखनऊ।
6- समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।
7- प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

8- विशेष सचिव एवं स्टाफ आफिसर, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
9- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, कृषि विभाग, उ0प्र0।
10-निदेशक, राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
11-निदेशक, सूचना विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
12-निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
13-निदेशक, पशुपालन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
14-सहायक निदेशक, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, सहकारिता भवन, लखनऊ।
15-निदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
16-प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 भूमि सुधार निगम/प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 एग्रो, लखनऊ।
17-प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 बीज विकास निगम, लखनऊ।
18-निदेशक, उ0प्र0 राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था, लखनऊ।
19-महानिदेशक, उ0प्र0 कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ।
20-कुलपति, नरेन्द्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद।
21-कलपति, चन्द्रशेखर आजाद, कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर।
22-कुलपति, सैम हिंग्गिन बाटम इन्स्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी एण्ड साइंसेज, नैनी, प्रयागराज।
23-कृलपति, सरदार बल्लभ भाई पटेल, कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मोदीपुरम, मेरठ।
24-कुलपति, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा।
25-आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 लखनऊ।
26-निदेशक, पंचायतीराज, उ0प्र0 लखनऊ।
27-आयुक्त एवं निबंधक, सहकारी समितियां, उ0प्र0 लखनऊ।
28-परियोजना समन्वयक, यू0पी0 हास्प, लखनऊ।
29-निदेशक, राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान, रहमानखेड़ा, लखनऊ।
30-समस्त मण्डलीय संयुक्त कृषि निदेशक, उ0प्र0।
31-समस्त उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी, उ0प्र0।
32-कृषि/कृषि विपणन एवं कृषि शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारीगण एवं अनुभाग।

आज्ञा से
शिवराम त्रिपाठी
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in